सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 06 अगस्त, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में वैली ऑफ वड्र्स (Valley of Words) के संस्थापक एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी संजीव चोपड़ा एवं उनके साथियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने आगामी वैली ऑफ वड्र्स कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया और संस्था के विभिन्न क्रियाकलापों और उपलब्धियों की जानकारी दी।

राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने वैली ऑफ वड्र्स के उद्देश्यों, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों, और विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन साहित्य, कला, और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को एक मंच प्रदान करेगा एवं इस बार का आयोजन विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं, और पैनल चर्चाओं के माध्यम से साहित्य प्रेमियों और विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वैली ऑफ वड्र्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखण्ड की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में मदद करेगा और साथ ही ऐसे कार्यक्रम उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

इस दौरान राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने आयोजन के मुख्य आकर्षण, वक्ताओं, और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने वैली ऑफ वड्र्स की टीम को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

............0............